# कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक डूँगरपुर, राजस्थान

क्रमांक न–5 ( ) डूँगर–फोर्स/पार्ट–द्वितीय/2023/2543-58 दिनांकः– 02.04.2025

## –:: प्रेस नोट ::–

पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर की विज्ञप्ति क्रमांक न–5 (15) पु.फो./कानि. भर्ती–23/2023/3346 दिनांक 03.08.2023 एवं संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक न–5 (15) पु.फो./कानि. भर्ती–23/2023/3365 दिनांक 21.08.2023 की अनुपालना में जिला डूँगरपुर की कानि. भर्ती 2023 (टीएसपी) के रिक्त पदो की पूर्ति हेतु शारीरिक दक्षता/मापतौल परीक्षा दिनांक 28.12.2023 को आयोजित की गई, जिसमें सफल रहे कॉन्स्टेबल सामान्य पद के अभ्यर्थियों की दिनांक 13.06.2024 से 14.06.2024 तक कम्प्युटर आधारित परीक्षा (CBT) परीक्षा आयोजित की गई। उक्त परीक्षा में कॉन्स्टेबल सामान्य पद के सफल अभ्यर्थियों की गठित चयन बोर्ड द्वारा चयन सूची तैयार की गई थी, जिसमें चयन सूची पर लिये गये अभ्यर्थियों की सूची इस कार्यालय के प्रेस नोट क्रमांक 5848–60 दिनांक 02.10.2024 एवं 6942–57 दिनांक 05.12.2024 द्वारा जारी की गई थी।

तत्पश्चात जिले में कानि. भर्ती–2023 के नियुक्ति के अनिच्छुक/अन्यत्र नियोजित/आपराधिक प्रकरणों में लिप्तता के कारण अपात्र किये गये अभ्यर्थियों तथा विभिन्न कारणों से अयोग्य रहे अभ्यर्थियों से रिक्त रहे पदों को रिव्यू किये जाने हेतु अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक 1112 दिनांक 26.03.2025 के द्वारा पूर्व में गठित चयन बोर्ड को अधिकृत करने पर महानिरीक्षक पुलिस, उदयपुर रेंज, उदयपुर (अध्यक्ष चयन बोर्ड ) द्वारा दिनांक 29.03.2025 को रिव्यू बोर्ड की कार्यवाही कर निम्न अभ्यर्थी का रिव्यू चयन सूची पर चयन किया गया हैं।

श्रीमान् अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदौन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक न–5 (38) पु.फो./कानि. भर्ती–23/2024/172 दिनांक 31.03.2025 द्वारा जिला डूँगरपुर की कॉन्स्टेबल सामान्य पद की बोर्ड प्रोसीडिंग एवं संशोधित चयन सूची का अनुमोदन किया गया हैं, जो चयन सूची निम्नानुसार हैं :–

### कॉन्स्टेबल सामान्य ड्यूटी (टीएसपी) (रिव्यू चयन सूची)

| S. N. | Roll No. | Name | Father's /Husband Name | Category | Gender | Date of Birth | Select list | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1021057 | GATU LAL MEENA | NATHU LAL MEENA | STT | MALE | 12-06-2000 | ST-24 E | New selection |

उपरोक्त चयन सूची विभागीय वेबसाईट http://www.police.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा रही हैं। कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक डूँगरपुर (वसुन्धरा विहार परिसर) एवं पुलिस लाईन, डूँगरपुर के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की जा रही हैं। **परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में पूर्णरूप से सावधानी बरती गई हैं, फिर भी कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, डूँगरपुर की सूचना को ही अधिकृत माना जावे।**

अतः उक्त चयनित अभ्यर्थी को सूचित किया जाता हैं कि ये भर्ती प्रकिया के अग्रिम चरण में (स्वास्थ्य परीक्षण/दस्तावेज सत्यापन/चरित्र सत्यापन) हेतु अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज एवं उनकी स्व–प्रमाणित (Self attested) एक प्रति निम्नानुसार प्रस्तुत करेगे :–

1. समान पात्रता परीक्षा एवं कानि. भर्ती आवेदन पत्र/शारीरिक मापतौल एवं कम्प्युटर आधारित परीक्षा (CBT) प्रवेश पत्र की प्रति।
2. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र
3. आयु प्रमाण पत्र (यदि शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र में आयु अंकित नहीं हैं तो )
4. अभ्यर्थी यदि अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं तो प्रथम श्रेणी दण्डनायक या समकक्ष अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र।
5. कार्मिक विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ.7 (1) कार्मिक/क–2/2019 दिनांक 20.10.2019 के क्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदक आवेदन वर्ष से पूर्व के वित्तीय वर्ष (अर्थात 2022–23) की आय के आधार पर ऑन लाईन जारी आर्थिक पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र
6. आवेदक यदि राजकीय कर्मचारी हैं तो राजकीय कर्मचारी होने का प्रमाण पत्र एवं नियोक्ता/विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र
7. आवेदक यदि कर्तव्य का पालन करते हुए मारे गये मृतक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी का आश्रित हैं तो उसकी संतान होने का प्रमाण पत्र
8. अंतिम शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने वाली संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा जारी किया हुआ चरित्र प्रमाण पत्र एवं दो स्थानीय प्रतिष्ठित व्यक्तियों (रिश्तेदारों के अतिरिक्त) द्वारा जारी किये गये चरित्र प्रमाण पत्र जो 6 माह से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए।
9. भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में एनओसी/डिस्चार्ज प्रमाण पत्र/पेंशनर प्रमाण पत्र
10. टीएसपी क्षेत्र से संबंधित प्रमाण पत्र (विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र)

11. आवेदक स्वयं के 05 रंगीन नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ साईज (4.5x3.5 सेमी)
12. विधवा के मामले में उसे अपने पति की मृत्यु का सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र। विछिन्न विवाह के मामले में उसे विवाह विच्छेद का दस्तावेजी सबूत (डिक्री आदेश) प्रस्तुत करना होगा।
13. एनसीसी/होमगार्ड एवं पुलिस से संबंधित विषयों में डिप्लोमा/उपाधि प्राप्त करने का प्रमाण पत्र।
14. विवाह पंजीय प्रमाण पत्र।
15. दहेज नहीं लेने का शपथ पत्र
16. दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात 2 से अधिक संतान नहीं होने संबंधी शपथ पत्र
17. एक से अधिक जीवित पति/पत्नि नहीं होने संबंधी शपथ पत्र
18. आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होने या सजायाफ्ता नहीं होने के संबंध में शपथ पत्र
19. धुम्रपान/तम्बाकू सेवन नहीं करने का शपथ पत्र

उक्त अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र/दस्तावेज एवं उनकी स्व-प्रमाणित (Self attested) एक प्रति सहित **दिनांक 08.04.2025 को प्रातः 10.00 ए.एम. पर कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक डूँगरपुर (वसुन्धरा विहार परिसर) में आवश्यक रूप से उपस्थित होंगे**। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर यह मानते हुए कि आप उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक नहीं हैं, चयन सूची से आपका नाम पृथक करने की कार्यवाही की जावेगी।

चयनित अभ्यर्थी को उक्त प्रयोजनार्थ उपस्थित होने पर किसी प्रकार का यात्रा भत्ता व मानदेय देय नहीं होगा।

07/04/25
( मोनिका सेन )
जिला पुलिस अधीक्षक
डूँगरपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ :-

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर
2. महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज उदयपुर
3. समस्त जिला पुलिस अधीक्षकगण राजस्थान
4. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, डूँगरपुर

प्रतिलिपि निम्नांकित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :-

1. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय, डूँगरपुर
2. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक SIUCAW डूँगरपुर
3. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्वरित अनुसंधान सैल, डूँगरपुर
4. समस्त वृताधिकारी जिला डूँगरपुर
5. पुलिस उप अधीक्षक एससी/एसटी सैल, डूँगरपुर
6. सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी डूँगरपुर को भेजकर लेख हैं कि इस प्रेस नोट को स्थानीय/प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने की व्यवस्था करावे।
7. समस्त थानाधिकारी जिला डूँगरपुर को प्रेषित कर लेख हैं कि इस प्रेस नोट को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करे एवं इसका प्रचार-प्रसार अपने थाना क्षेत्र में कराया जाना सुनिश्चित करे।
8. संचित निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाईन डूँगरपुर पास नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
9. प्रभारी साईबर सैल कार्यालय को प्रेषित कर लेख हैं कि उक्त प्रेस नोट व चयनित अभ्यर्थी की सूची आज ही राजस्थान पुलिस एवं जिला पुलिस डूँगरपुर की वेबसाईट पर अपलोड करे।
10. प्रभारी पुलिस नियंत्रण कक्ष, डूँगरपुर
11. नोटिस बोर्ड कार्यालय

जिला पुलिस अधीक्षक
डूँगरपुर